शुभम संदेश
epaper.lagatar.in
30 Dec 2023 - Page 7

आईआईएम में चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन

संवाददाता।रांची

आईआईएम रांची में चल रहे आईएसडीएसआई-जी अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का समापन किया गया. यह सेमिनार पिछले चार महिनों से चल रहा है. इस चार दिनों तक चल रहे सेमिनार में कई जानकारों ने अपनी बातें रखीं. इस सेमिनार में आईआईएम. आईआईटी समेत 217 अन्य संस्थान शामिल रहे. इस सम्मेलन में विविध प्रकार की गतिविधियों का आयोजन किया गया. कार्यक्रम के पहले दिन एसईएम, उन्नत मॉडलिंग और अनुसंधान उत्पादकता जैसे विषयों पर 5 सत्र चला. समापन कार्यक्रम में उद्यमिता और भारतीय बी-स्कूलों के अंतरराष्ट्रीयकरण पर चर्चा हुई. समापन समारोह के मुख्य अतिथि आईआईएम अहमदाबाद के निदेशक प्रो. भरत भास्कर शामिल हुए. उन्होंने कहा कि शिक्षा संस्थानों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी रहते हुए उद्योग जगत को मेक इन इंडिया के लिए आगे बढ़ने का मार्ग प्रशस्त करना चाहिए.

इस कार्यक्रम के दौरान प्रो. गौरव मराठे ने 26 दिसंबर 2024 को आईआईएम रांची में होने वाले हस्ताक्षर सम्मेलन की घोषणा की. कार्यक्रम का समापन डॉक्टरेट ट्रैक और शैक्षणिक श्रेणी में सबसे अच्छा पेपर पुरस्कारों में से प्रत्येक के तीन विजेताओं को पुरस्कार दिया गया.